## सानिया मिर्जा और पूरव-राजा की जोड़ी ने पार की विबंलडन की पहली बाधा

लंदन,(आरएनएस)। सानिया मिर्जा ने बेल्जियम की अपनी जोड़ीदार क्रिस्टेन फ्लिपकेंस के साथ मिलकर साल के तीसरे ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। गैरवरीय पूरव राजा और दिविज शरण की जोड़ी भी पहली बाधा पार करने में सफल रही। सानिया-फिलपकेंस ने चीन की झांग शुई और जापान की नाओमी ओसाका की जोड़ी को आसानी से 6-4, 6-3 से मात दी। राजा-शरण ने चार सेट तक चले मुकाबले में ब्रिटेन के काइल एडमंड और पुर्तगाल के जोओ सोसा की जोड़ी को 7-6, 3-6, 6-4, 7-6 से पराजित किया। यह मुकाबला तीन घंटे तक चला। इस भारतीय जोड़ी का यह विंबलडन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले यह जोड़ी कभी भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ी थी।

## राष्ट्रीय रेसिंग चैंपियनशिप में विदेशी तड़का

नई दिल्ली,(आरएनएस)। कोयंबटूर के कारी मोटर स्पीडवे में आठ-नौ जुलाई को होने वाली जेके टायर एफएमएससीआइ राष्ट्रीय रेसिंग चैंपियनशिप के 20वें संस्करण में विदेशी तड़का लगेगा। हमेशा की तरह आकर्षण का केंद्र एफबी-02 फॉर्मूला कारों से सुसज्जित यूरो जेके-17 श्रेणी में पिछली बार के चैंपियन अनिंदित रेड्डी को फिर खिताब का दावेदार माना जा रहा है। पिछले साल इस हैदराबादी युवा रेसर ने चार में से तीन राउंड पर कब्जा किया था। हालांकि इस बार उन्हें दो अंतरराष्ट्रीय रेसरों का भी सामना करना पड़ेगा। इटली के पाओलो इपोलिटो और ऑस्ट्रेलिया के रिकी केपो उन्हें कड़ी चुनौती पेश करने वाले हैं। खासतौर पर यूरोपियन ले मेंस विजेता केपो उनके लिए बड़ी चुनौती साबित होंगे। गत वर्ष के दूसरे उपविजेता नयन चटर्जी (मुंबई) और पिछली बार के एलजीबी-4 चैंपियन विष्णु प्रसाद (चेन्नई) भी अपना प्रदर्शन सुधारना चाहेंगे, लिहाजा मुकाबला काफी कड़ा होने की उम्मीद है। वडोदरा की 17 वर्षीय रेसर मीरा एरडा इस साल यूरो जेके 17 श्रेणी में उतरने वाली पहली महिला रेसर बनेंगी, लिहाजा उनके प्रदर्शन पर भी निगाहें रहेंगी। इस प्रतियोगिता में सुजुकी जिक्सर कप भी होगा।

## शतरंज चैंपियन गैरी कास्परोव संन्यास से वापसी में यूएस टूर्नामेंट में भाग लेंगे

मास्को,(आरएनएस)। पूर्व विश्व शतरंज चैम्पियन गैरी कास्परोव ने संन्यास से वापसी करने का फैसला किया है और वह अगले महीने यूएस टूर्नामेंट में भाग लेंगे. आयोजकों ने आज इसकी घोषणा की. कास्परोव ने 15 से ज्यादा वर्षों तक खेल पर दबदबा बनाया था. आयोजकों ने कहा कि वह सिनक्वेफील्ड कप में नौ शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ भाग लेंगे जिसमें मौजूदा विश्व चैम्पियन नार्वे के मैग्नस कार्लसन भी शामिल हैं. कास्परोव ने ट्वीट किया।

## भारत फीफा रैंकिंग में 96वें स्थान पर पहुंचा, दो दशक में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग



नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को ताजा फीफा रैंकिंग में 96वें स्थान पर पहुंच गई जो उसकी दो दशक में अभी तक कि सर्वश्रेष्ठ और ओवरऑल दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हैं। भारतीय टीम की अभी तक की सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग 94 रही है जो उसने फरवरी 1996 में हासिल की थी जबकि इससे पहले टीम की दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिं÷ 99 थी जिस पर वह नवंबर 1993 में पहुंची थी। जहां तक एशिया का संबंध है तो भारत महाद्वीप में 12वीं रैंकिंग की टीम है। राष्ट्रीय टीम लगातार शानदार प्रदर्शन के बूते रैंकिंग में ऊपर की ओर बढ़ रही है और उसने पिछले दो वर्षों में 77 पायदान की छलांग लगाई है। टीम ने अभी तक अपने पिछले 15 मैचों में से 13 में जीत दर्ज की है और पिछले आठ मैचों में उसे शिकस्त का मुंह नहीं देखना पड़ा है जिसमें भूटान के खिलाफ अनधिकृत मैच भी शामिल है। जब स्टीफन कांस्टेनटाइन ने फरवरी 2015 में दूसरी बार राष्ट्रीय टीम का कोच पद संभाला तो भारतीय टीम 171 रैंकिंग पर काबिज थी और मार्च 2015 में 173वें स्थान पर खिसक गयी थी जबकि उनके मार्गदर्शन में टीम ने एक भी मैच नहीं खेला था। लेकिन इसके बाद टीम ने नेपाल के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने टीम को बधाई देते हुए कहा, यह भारतीय फुटबॉल के लिए बड़ा कदम है। दो साल पहले हम 173 पर थे और अब हम अपनी दूसरी सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इस बढ़ोतरी से भारतीय फुटबॉल की काबिलियत पता चलती है। राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों, कोच, स्टाफ और ए आई एफ एफ में सभी को बधाई।

## एशियन ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने की अच्छी शुरुआत




भुवनेश्वर,(आरएनएस)। भारत ने गुरुवार को 22वीं एशियन ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत की है। प्रतियोगिता के पहले दिन भारत के मोहम्मद अनस, राजीव अरोकिया और एमोज जैकब ने पुरुषों की 400 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इन तीनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी हीट में अच्छा प्रदर्शन किया। अनस ने हीट-1 में दूसरा स्थान हासिल किया। अरोकिया ने शुरू से बढ़त ले ली और इसे अंत तक कायम रखा। इसके अलावा जैकब को अपनी हीट में विजेता बनने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। वह 3 धावकों से पीछे थे लेकिन अंत में उन्होंने दमदार वापसी की और विजेता बने। हीट 4 में ओमान के अहमद मुबारक विजेता बने। पुरुषों की 1500 मीटर स्पर्धा में अजय कुमार सरोज ने हीट-1 में और सिद्धार्थ अधिकारी ने हीट-2 में दूसरे स्थान पर रहते हुए क्वॉलीफाई किया। महिलाओं की 1500 मीटर स्पर्धा में चित्रा पीयू ने हीट-2 से सेमीफाइनल के लिए क्वॉलीफाई किया। वहीं मोनिका चौधरी हीट-1 में चौथे स्थान पर रहीं।

## विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंचे राफेल नडाल और एंडी मरे




लंदन,(आरएनएस)। स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल और गत चैंपियन एंडी मरे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विंबलडन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। उनके अलावा जापान के केई निशिकोरी, जो विल्फ्रेड सोंगा और सैम क्वेरी भी आगे बढ़ने में सफल रहे। नडाल ने दूसरे दौर में अमेरिका के डोनाल्ड यांग को 6-4, 6-2, 7-5 से मात दी। शीर्ष वरीय मरे ने जर्मनी के डस्टिन ब्राउन को आसानी से 6-3, 6-2, 6-2 से मात दी। मरे के अलावा तीन और ब्रिटिश खिलाड़ी जोहाना कोंटा, हीथर वॉटसन और अलजाज बेडेन ने भी दूसरे दौर की बाधा पार कर लीं। पिछले 20 वर्षों में यह पहला मौका है जब ब्रिटेन के चार खिलाड़ी तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। निशिकोरी ने यूक्रेन के सर्गी स्टाखोव्स्की को 6-4, 6-7, 6-1, 7-6 से, मारिन सिलिच ने फ्लोरिन मेयर को 7-6, 6-4, 7-5 से, सोंगा ने सिमोन बोलेली को 6-1, 7-5, 6-2 से और सैम ने निकोलोज को 6-4, 4-6, 6-3, 6-3 से मात दी। अन्य मैचों में बेडेन ने दामिर को 6-3, 3-6, 6-3, 6-3 से, जाइल्स मूलर ने लुकास रोसोल को 7-5, 6-7, 4-6, 6-3, 9-7 से, रॉबटरे बतिस्ता ने जर्मनी के क्वालीफायर पीटर को 6-2, 6-1, 3-6, 6-3 से और दक्षिण अफ्रीका के केविन एंडरसन ने इटली के एंडियास सेप्पी को 6-3, 7-4, 6-3 से शिकस्त देकर तीसरे दौर में प्रवेश किया।

## बार्सिलोना में 2021 तक बने रहेंगे लियोनेल मेसी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी बार्सिलोना के साथ अपना करार बढ़ाने के लिए सहमत हो गए हैं। यह 30 वर्षीय स्ट्राइकर अब 30 जून, 2021 तक बार्सिलोना के साथ बने रहेंगे। क्लब ने बुधवार को कैंप नाऊ में यह घोषणा की। मेसी सत्र से पूर्व करार पर हस्ताक्षर करेंगे। यह उनका नौवां पेशेवर करार है। मेसी पिछले शुक्रवार को ही अपने गृहनगर रोसेरियो में बचपन की दोस्त एंटोनेला रोकुजो के साथ विवाह बंधन में बंधे थे और हनीमून मना रहे हैं। क्लब ने बुधवार को जारी बयान में कहा, 'क्लब करार के बढ़ने और मेसी की प्रतिबद्धता से बेहद खुश है। वह इतिहास के सबसे शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने बार्सिलोना के साथ ही अपना पूरा पेशेवर करियर बिताया है और टीम को कई यादगार जीत दिलाई।' वह 2004 में बार्सिलोना क्लब से जुड़े थे।

## अंडर 17 विश्व कप: केमबियासो और कानू भी लेंगे ड्रॉ में हिस्सा

मुबइ,(आरएनएस)। दिग्गज फुटबॉलर इस्तेबान केमबियासो और वैंक्वो कानू भारत में इस साल होने वाले फीफा के आधिकारिक ड्रॉ समारोह में हिस्सा लेंगे। उनके अलावा भारत के स्टार फुटबॉलर सुनील छेत्री और रियो ओलंपिक की रजत विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू हिस्सा लेंगे। यह ड्रॉ यहां शुक्रवार को होगा जिसमें प्रतिस्पर्धी देशों और मेजबान शहरों के अधिकारी हिस्सा लेंगे। कानू और केमबियासो फीफा के लिए नया नाम नहीं हैं। कानू ने नाइजीरिया के साथ 1993 में यह खिताब जीता था, जबकि अर्जेंटीना के केमबियासो ने 1995 सत्र में हिस्सा लिया। कानू 1996 में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। वह अपनी राष्ट्रीय टीम की ओर से 1998, 2002 और 2010 फीफा विश्व कप में खेले। केमबियासो ने 1997 में फीफा अंडर-20 विश्व कप जीता और 2010 फीफा विश्व कप में अर्जेंटीना का प्रतिनिधित्व किया। फीफा ने बुधवार को अंडर-17 विश्व कप टिकटों के पहले चरण की बिक्री को दोबारा शुरू किया जो एक आयोजन स्थल के सभी मैचों के पैकेज के रूप में ली जाएगी तो 48 रुपए प्रति मैच के हिसाब से मिलेगी। छह से 28 अक्टूबर तक होने वाले टूर्नामेंट के यहां साल्टलेक स्टेडियम में फाइनल सहित दस मैचों का आयोजन किया जाएगा। फुटबॉल के दीवाने इस शहर में टिकटों को लेकर सबसे अधिक रुचि है और पहले चरण में टिकटें 12 घंटे से भी कम में बिक गई थीं। आयोजन समिति ने इन तीन शहरों के प्रशंसकों को एक बार फिर आयोजन स्थल के सभी मैचों का पैकेज टिकट खरीदने का मौका दिया है जो तीन दिन के लिए होगा।

## जब अर्जुन तेंडुलकर की गेंद पर लड़खड़ा गए इंग्लिश बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो

नई दिल्ली,(आरएनएस)। तेंडुलकर, इस नाम के बल्लेबाज ने इंग्लैंड टीम को लंबे समय तक परेशान किए रखा। इंग्लैंड के खिलाफ अपने दूसरे ही मुकाबले में उन्होंने ओल्ड ट्रेफर्ड के मैदान पर महज 16 साल 112 दिनों में शानदार नाबाद 119 रनों की पारी खेली थी। इस नाम को तो आप पहचान ही गए होंगे। जी, यह सचिन तेंडुलकर ही हैं। अब एक और तेंडुलकर, जिसकी उम्र भी महज 17 साल ही है, ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम को एक और कष्ट दिया है। इंग्लैंड के अखबार डेली मेल की एक रिपोर्ट के अनुसार सचिन तेंडुलकर के बेटे अर्जुन की एक तेज यॉर्कर इंग्लिश बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के पैर में जा लगी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए लॉर्ड्स मैदान पर प्रैक्टिस करते हुए बेयरस्टो को यह गेंद लगी। हालांकि इससे उनके पहले टेस्ट में खेलने की संभावना पर कोई असर नहीं पड़ा है लेकिन दर्द से राहत पाने के लिए उन्हें मेडिकल सहायता लेनी पड़ी। 6 फुट से ऊंचे अर्जुन लॉर्ड्स के इंडोर नेट्स पर जाना-पहचाना नाम हैं। वह अपने पिता के साथ कई बार यहां आ चुके हैं। हाल ही में खेली गई आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान वह नेट सेशन में टीम इंडिया के साथ भी नजर आए थे। इससे पहले वह भारतीय टीम और इंग्लैंड के साथ भी ट्रेनिंग कर चुके हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और बल्लेबाज अर्जुन मुंबई अंडर-14 और अंडर-16 टीम में खेल चुके हैं।

# Business News / बिजनेस न्यूज

## ट्रेड मार्क वाले ब्रैंडेड अनाज पर ही लगेगा 5 फीसद जीएसटी: वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली,(आरएनएस)। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को स्पष्ट किया है केवल उन ब्रैंडेड अनाज पर ही 5 फीसद की दर से (वस्तु एवं सेवा कर) जीएसटी लगेगा जो ट्रेड मार्क के साथ रजिस्टर्ड हैं। बाकी के अन्य अनाज छूट के दायरे में बरकरार रहेंगे। आपको बता दें कि सरकार की ओर से यह स्पष्टीकरण उस समय आया है जब रजिस्टर्ड बैंड नेम को लेकर असमंजस की स्थिति चल रही थी। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि जीएसटी की पांच फीसद दर तब तक वस्तुओं की आपूर्ति पर नहीं लगेगी जबतक कि उसका ब्रंड नेम या ट्रड नेम रजिस्टर ऑफट्रेड मार्क्स में न हो और इसे ट्रेड मार्क्स एक्ट, 1999 के तहत ही लागू होना चाहिए। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) की दर चना, पनीर, नैचुरल हनी, गेहूं और अन्य अनाज, दालें, अनाज का आटा और दालें, साथ ही उन चीजों के अलावा जो यूनिट कंटेनर में होते है और जिनका रजिस्टर्ड ब्रैंड नेम है, निल (0 फीसद) रखी गई है। साथ ही इन सब चीजों की आपूर्ति, जब यूनिट कंटेनर में डाली जाए और उसका रजिस्टर्ड ब्रैंड नेम ही हो तो इनपर 2.5 फीसद की दर से सीजीएसटी लगेगा।

## यूरोपीय संघ के रुख से घरेलू बासमती निर्यात पर खतरा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। यूरोपीय संघ (ईयू) के ताजा रुख से भारत के बासमती चावल के निर्यात पर संकट के बादल छाने लगे हैं। ईयू का फैसला लागू होने के बाद भारत से निर्यात होने वाले बासमती चावल पर अघोषित प्रतिबंध लग जाएगा। इसका फायदा मुख्य प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को मिल जाएगा। इस फैसले से भारतीय बासमती निर्यातकों के साथ धान किसानों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। चावल निर्यातकों ने सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लड़ाई है। ईयू का यह फैसला एक जनवरी, 2018 को लागू हो जाएगा। घरेलू बासमती धान में एक रोग को रोकने के लिए फंगिसाइड का उपयोग किया जाता है। यूरोपीय आयोग ने चावल में इसकी न्यूनतम मात्र निर्धारित कर दी है। भारत के लिहाज से यह मात्र बेहद कम है। भारतीय बासमती इस मानक को पूरा करने में सक्षम नहीं है। पाकिस्तान में बासमती की खेती में ब्लास्ट रोग नहीं लगता ही नहीं है। इसलिए उसे फंगिसाइड का इस्तेमाल नहीं करना पड़ता है। बासमती पर इस नियम का सीधा फायदा पाकिस्तान को मिल जाएगा। राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय सेतिया ने इस संकट पर चिंता जताते हुए सरकार से मदद की अपील की है। उनका कहना है कि पुराने मानकों के आधार पर भारतीय बासमती पर किसी देश को एतराज नहीं है। अमेरिका, जापान, कनाडा समेत ज्यादातर देश यही बासमती खा रहे हैं। सेतिया ने प्रस्ताव रखा कि अगर यूरोपीय संघ अपने सख्त मानक से पीछे नहीं हटना चाहता है।

## सितंबर तक ट्रेन टिकट पर नहीं लगेगा सर्विस चार्ज

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सरकार ने रेल टिकट की ऑनलाइन बुकिंग पर सर्विस चार्ज की छूट सीमा को सितंबर महीने तक बढ़ा दिया है। जानकारी के लिए बता दें कि सरकार ने बीते वर्ष आठ नवंबर को नोटबंदी लागू होने के बाद ग्राहकों के बीच ऑनलाइन बुकिंग को प्रोत्साहित देने के लिए सर्विस चार्ज हटा दिया था। आईआरसीटीसी के माध्यम से रेल टिकट बुक करने पर 20 रुपये से 40 रुपये प्रति टिकट का सर्विस चार्ज लगता है। नोटबंदी के बाद सरकार ने 23 नवंबर, 2016 से 31 मार्च, 2017 के बीच टिकट बुकिंग पर सर्विस चार्ज से छूट दी थी। अब इसे बढ़ाकर 30 जून, 2017 तक कर दिया गया है। रेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक अब सरकार ने इस समयसीमा को सितंबर के आखिर तक बढ़ा दिया है। यानी अब आप सितंबर तक सस्ते रेल सफर का लुत्फ उठा सकते हैं। रेलवे जल्द ही आम यात्रियों को सस्ते में एसी का सफर करवाने की योजना बना रहा है। अगर आप सोच रहे हैं कि रेलवे एसी कोच के किराए में कटौती करने की योजना बना रहा है तो आप गलत हैं। दरअसल अब रेलवे ट्रेन में नए एसी कोच को जोड़ने की तैयारी कर रहा है, जिन्हें इकोनॉमी एसी क्लास नाम दिया जाएगा। इन नए एसी कोचों का किराया अभी के थर्ड एसी कोच के किराए से भी कम होगा। यानी ट्रेन में टिकट बुकिंग के दौरान आपको इकोनॉमी एसी कोच में सफर का विकल्प दिया जाएगा। प्रस्तावित फुल एसी ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी के अलावा 'इकॉनमी एसी क्लास' के 3 टियर कोच होंगे। बता दें कि फिलहाल मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में स्लीपर के अलावा सिर्फ तीन कैटिगरी फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी के एसी कोच ही होते हैं। वहीं, राजधानी, शताब्दी और हमसफर जैसी ट्रेनें फुल एसी होती हैं। 'इकॉनमी एसी क्लास' में पैसेंजर्स को कंबल की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि उसका टेंपरेचर 24-25 डिग्री सेल्सियस होगा।

## दिल्ली-एनसीआर में पहली छमाही में घरों की बिक्री 26 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर में 2017 की पहली छमाही में घरों की बिक्री 26 फीसदी गिरी है। नाइट फ्रैंक इंडिया के मुताबिक, नोटबंदी के बाद भी घरों की डिमांड सुस्त बनी हुई है। पिछले 18 महीनों में कीमतों में 20 फीसदी करेक्शन हुआ है, लेकिन घरों की डिमांड इसके बावजूद नहीं बढ़ी है। दिल्ली-एनसीआर के प्रॉपर्टी मार्केट में अनसोल्ड घरों का स्टॉक 1.8 लाख यूनिट्स पर बना हुआ है। यह देश में सबसे ज्यादा है। इसे बेचने में डिवेलपर्स को साढ़े चार साल तक का वक्त लग सकता है। नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा है कि 2017 की पहली छमाही में 17,188 यूनिट्स की बिक्री हुई, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में 23,092 यूनिट्स की बिक्री हुई थी।

## बिना ट्रेडमार्क वाले पनीर, गेहूं और चावल पर जीएसटी नहीं




नई दिल्ली,(आरएनएस)। ऐसा पनीर, कुदरती शहद, गेहूं और चावल जो ट्रेड मार्क्स ऐक्ट के तहत नहीं आएंगे उन पर सेंट्रल गुड्स ऐंड सर्विसेज टैक्स नहीं लगेगा। यह स्पष्टीकरण बुधवार को फाइनैंस मिनिस्ट्री की तरफ से जारी हुआ। जीएसटी में रजिस्टर्ड ब्रैंड नेम की परिभाषा को लेकर कारोबार जगत में उहापोह की स्थिति थी। इसलिए फाइनैंस मिनिस्ट्री को यह स्पष्टीकरण देना पड़ा। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, जब तक कोई सामान ब्रैंड या ट्रेड नेम ट्रेडमार्क्स रजिस्टर पर नहीं होगा ओर ट्रेड मार्क्स ऐक्ट 1999 के तहत नहीं आएगा, तब तक उसकी सप्लाई पर ढाई पर्सेंट सीजीएसटी यानी सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नहीं लगेगा। फाइनैंस मिनिस्ट्री की तरफ से जारी स्पष्टीकरण के मुताबिक पनीर, कुदरती शहद, गेहूं, चावल और दूसरे अनाज, दाल के अलावा अनाज और दाल के आटे पर सीजीएसटी जीरो रहेगा, लेकिन जैसे ही ये सामान कंटेनर में डालकर सप्लाई किए जाएंगे और उन पर रजिस्टर्ड ब्रांड नेम होगा, उन पर ढाई पर्सेंट सेंट्रल जीएसटी और इतना ही स्टेट जीएसटी लगेगा। इस तरह इन सामान पर कुल पांच पर्सेंट का जीएसटी होगा। अरसे से लटकता रहा जीएसटी 1 जुलाइ 2017 को लागू हो गया। इसने एक्साइज ड्यूटी, वैट या सेल्स टैक्स के तौर पर देशभर में लागू कई इनडायरेक्ट टैक्स की जगह ले ली है। जीएसटी के लिए कंज्यूमर हेल्पलाइंस की संख्या सरकार ने मौजूदा 14 से बढ़ाकर 60 कर दी है। इन नंबरों पर कॉल करने पर खास ट्रेनिंग प्राप्त प्रफेशनल्स जीएसटी पर सवालों के जवाब देंगे और इससे जुड़ी जानकारी मुहैया कराएंगे। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राम विलास पासवान ने कहा, सरकार चाहती है कि जीएसटी लागू होने के बाद दाम में जो कमी आई है उसका फायदा आम आदमी तक पहुंचे। इसके लिए हमने कंज्यूमर हेल्पलाइंस की संख्या बढ़ाकर 60 कर दी है। पासवान ने कहा कि इससे पहले 14 नैशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन नंबर थे। उन्होंने कहा कि जीएसटी पर कंज्यूमर्स की फिक्र दूर करने के लिए इन नंबरों पर जवाब देने के लिए तैनात प्रफेशनल्स को खासतौर पर प्रशिक्षण दिया गया है। नैशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन का कॉन्टैक्ट नंबर 14404 है। उन्होंने कहा कि जो वेंडर्स रिवाइज्ड एमआरपी नहीं डिक्लेयर करेंगे उनके खिलाफ सरकार कार्रवाई करेगी। सरकार ने एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है जिसके मुताबिक, जो पैकेजिंग मटीरियल या रैपर 1 जुलाई से पहले खत्म नहीं हुए थे उनका इस्तेमाल 30 सितंबर 2017 तक किया जा सकता है।

## भारतीय शेयर बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत

नई दिल्ली,(आरएनएस)। बुधवार के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ देखने को मिल रही है। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 50 अंक की बढ़त के साथ 31295 के स्तर पर और निफ्टी 10 अंक की बढ़त के साथ 9646 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। नैशनल स्टॉक एक्सचेंज पर मिडकैप में 0.51 फीसद और स्मॉलकैप में 0.37 फीसद की बढ़त देखने को मिल रही है। वैश्विक बाजार से मिले जुले संकेत अंतरराष्ट्रीय बाजार से कमजोरी संकेत मिल रहे हैं। जापान का निक्केई 0.27 फीसद की कमजोरी के साथ 20027 के स्तर पर, चीन का शांघाई 0.23 फीसद और हैंगसैंग 0.13 फीसद की कमजोरी के साथ 25481 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.13 फीसद की कमजोरी के साथ 2385 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बुधवार को अमेरिकी सूचकांक डाओ जोंस 0.01 फीसद की कमजोरी के साथ 21478 के सतर पर, एसएंडपी500 0.15 फीसद की बढ़त के साथ 2432 के स्तर और नैस्डैक 0.67 फीसद की बढ़त के साथ 6150 के स्तर पर कारोबार कर बंद हुआ है। सेक्टोरियल इंडेक्स की बात करें तो आईटी और मेटल को छोड़ सभी सूचकांक हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। बैंक (0.23 फीसद), ऑटो (0.40 फीसद), फाइनेंशियल सर्विस (0.15 फीसद), एफएमसीजी (0.36 फीसद), फार्मा (0.43 फीसद) और रियल्टी में 0.89 फीसद की बढ़त देखने को मिल रही है।